CARKHARIDOBECHO24.COM
CAR KHARIDO BECHO 24
(A UNIT OF DEVBHOOMI AUXILLARY SERVICES PVT.LTD.)
आज ही अपनी कार बेचें! और पाए सही कीमत
GET INSTANT MONEY FOR YOUR CAR
आवश्यकता है:- कार वैल्यूएटर की योग्यता – न्यूनतम एक वर्ष
100% फाइनेंस और इन्श्योरेन्स की सुविधा उपलब्ध
ROHANIYA,VARANASI - 221108
Mob. : 6394138273
FOLLOW US

राहुल ने फोन पर जाना अजय राय का हाल

जागरण संवाददाता, वाराणसी : कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने फोन कर प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का कुशलक्षेम जाना। साथ ही अपने इंटरनेट मीडिया हैंडल के जरिए उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना व्यक्त की। कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे ने बताया कि अजय राय के स्वास्थ्य में अब पहले से काफी सुधार है।

चिकित्सकों की देखरेख में उनका उपचार जारी है और हमें पूर्ण विश्वास है कि वह जल्द ही स्वस्थ होकर पूर्व की भांति जनसेवा के लिए पुनः सक्रिय होंगे। उनके अस्वस्थ होने की जानकारी होने पर कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अजिनाश पांडेय, उत्तर प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष दल आराधना मिश्रा, सांसद तनुज पुनिया व राकेश राठौर,

राहुल गांधी ने अपने इंटरनेट मीडिया हैंडल के जरिए अजय राय का कुशलक्षेम जाना और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की

पूर्व सांसद पीएल पुनिया, वाराणसी जिलाध्यक्ष राजेश्वर पटेल सहित कई संस्था में कांग्रेसजन ने स्वास्थ्य की जानकारी लेते हुए स्वस्थ होने की कामना की।

इसी प्रकार राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट, बिहार से राज्यसभा सदस्य अखिलेश प्रताप सिंह, राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत, राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा कांग्रेस उदयभानु चिब, सपा सांसद राजीव राय आदि ने उनके स्वस्थ होने की कामना का संदेश दिया।

स्वास्थ्य लाभ के लिए हवन

उधर, अजय राय के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए चेतगंज स्थित माता शक्ति के दरबार में मंत्र और भक्ति भाव के साथ हवन-पूजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिकों और स्थानीय लोगों ने भाग लेकर उनके जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना की। सामाजिक कार्यकर्ता शुभम सेठ गोलू के नेतृत्व में अनुष्ठान के दौरान माता शक्ति से अजय राय के स्वास्थ्य लाभ की कामना की गई। इस मौके पर प्रदीप कनौजिया, रवि अग्रहरि, पिंटू बाबा, मनिक चंद्र, विकास गौड़, राज गुप्ता, पवन गुप्ता, राहुल गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष बने रामवदन

जागरण संवाददाता, वाराणसी: पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय के सेमिनार हाल में गुरुवार को चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी संघ, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं का द्विवार्षिक चुनाव/अधिवेशन संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष व चुनाव अधिकारी उमेश बहादुर सिंह तथा जिला अध्यक्ष रामचन्द्र गुप्ता की देखरेख में किया गया। चुनाव में सर्वसम्मति से सभी पदाधिकारियों का निर्विरोध चयन किया गया। इसमें रामवदन यादव को जिला अध्यक्ष, रमाशंकर को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, शमशेर अली को जिला मंत्री, रामदुलार यादव को ऑडिटर तथा गिरीश दुबे को कोषाध्यक्ष चुना गया। अधिवेशन के दौरान मुख्य चिकित्सा अधीक्षक आर.एस. राम, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. प्रेम प्रकाश, मंडल मंत्री सत्येन्द्र सिंह, सेवक विजय श्रीवास्तव, जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर यादव, माता प्रसाद यादव, सुनील गिरी, अजय दीक्षित समेत अन्य पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम में नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संगठन के मजबूती पर बल दिया।

मेडीडियन नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कॉलेज
लेढ़ूपुर, आशापुर, वाराणसी-221007
(सम्बद्ध-इंदिरा नर्सिंग कालेज,नई दिल्ली, उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ एवं अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी, लखनऊ)
सत्र 2026-27 हेतु प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ
12वीं के बाद नर्सिंग एवं पैरामेडिकल कोर्स करें और सफलता के उच्चतम शिखर को प्राप्त करें–
1 डिप्लोमा इन लैब टेक्निशियन
2 डिप्लोमा इन फिजियोथेरेपी
3 डिप्लोमा इन आप्टोमेट्री (नेत्र सहायक)
4 डिप्लोमा इन डायलिसिस
5 डिप्लोमा इन आपरेशन थिएटर
6 डिप्लोमा इन इमरजेंसी एंड ट्रामा केयर
7 ए एन एम
8 जी एन एम
9 बी एस सी नर्सिंग
10 एम एस सी नर्सिंग
GNM, BSc N, एवं MSc N में प्रवेश, संयुक्त राज्य स्तरीय प्रवेश परीक्षा (UPCET/CNET) के माध्यम से। वेबसाइट https://abvmuup.edu.in
नियमानुसार छात्रवृत्ति, जॉब प्लेसमेंट व महिला छात्रावास की सुविधा उपलब्ध
संपर्क करे या अधिक जानकारी के लिए कॉल करें
7705909071, 7705909070, 9838501709

सोता में मोकलपुर–कुकुढ़ा पर बनेगा पुल

25 हजार आबादी को मिलेगी राहत, सेतु निगम को बनाया गया कार्यदायी संस्था

जागरण संवाददाता, वाराणसी : शिवपुर क्षेत्र में मोकलपुर-कुकुढ़ा के बीच गंगा नदी ढाब क्षेत्र में सोता पर पुल बनाने का रास्ता साफ हो गया है। शासन स्तर से पुल के निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग को स्वीकृति पत्र भेजा गया है। पुल के निर्माण की कुल लागत 5945.62 लाख रुपये आएगी। वहीं, पुल के निर्माण के लिए सेतु निगम को कार्यदायी संस्था बनाया गया है। इस पुल के निर्माण से ढाब क्षेत्र और आसपास के गांवों की लगभग 25 हजार आबादी को आवागमन में सुविधा होगी। स्थानीय लोगों को बाढ़ के समय में जालूपुर व भगतुआ बाजार जाने लिए 10 से 12 किलोमीटर की अतिरिक्त दूरी तय नहीं करनी होगी।

मोकलपुर- कुकुढ़ा के बीच सोता पर बनी अस्थाई पुलिया से जाता बाइक सवार।

5945.62 लाख रुपये पुल के निर्माण पर खर्च की लागत आएगी

1639.60 लाख पहली किस्त में और दूसरी में 441.37 लाख जारी

कई गांवों को मिलेगी राहत

पुल के निर्माण से ढाब क्षेत्र के मोकलपुर, गोवरहा, रामपुर, रामपदारपुर, मुस्ताबाद रेत आदि के साथ ही सोता इस पर मुस्ताबाद, कुकुढ़ा, अंबा, छितौनी, अमौली, गंगापुर, डिलौना, रामपुर आदि गांवों के लोगों को आवागमन में सुविधा होगी। गोवरहा निवासी अवधेश सिंह ने बताया कि पुल बनने से स्कूल जाने वाले बच्चों व बुजुर्गों को आने-जाने में आसानी होगी।

क्यों से ढाब क्षेत्र में सोता पर दूसरे पुल के निर्माण की मांग की जा रही थी। इसके पूर्व ढाब में पहला पुल मुस्ताफाबाद-रामपदीपुर के बीच बना है। गर्मी के दिनों में नदी में पानी कम होने पर लोग कार, बाइक, साइकिल, ट्रैक्टर आदि से मोकलपुर-कुकुढ़ा के रास्ते आते थे लेकिन बाढ़ के समय उन्हें कई किलोमीटर घूमकर बाजार जाना पड़ता था। वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य योजनांतर्गत दीर्घ सेतु (ग्रामीण) के शिवपुर में मोकलपुर से कुकुढ़ा के बीच सोता पर प्रस्तावित पुल, पहुंच मार्ग और सुरक्षात्मक कार्य के निर्माण के लिए कुल 5945.62 लाख रुपये की प्रशासकीय व वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। साथ ही पहली किस्त के तौर पर 1639.60 लाख रुपये और दूसरी किस्त में 441.37 लाख रुपये यानी 2080.97 लाख की धनराशि जारी कर दी गई है।



मानसिक रोग चिकित्सालय

डॉ. रोनक आर. गुप्ता
(एमबीबीएस, एमडी (साइकाट्री), रजि. नं.: 30641
पूर्व, चिकित्सा अधिकारी, आईएमएस, बी.एच.यू.)
लाईम बिला होम स्टे विलिंडिंग (अपना घर आश्रम वाली गली) महुवा घाट रोड, वाराणसी
+91 9120388981, 7081615328
raunaq.gupta2018@gmail.com

सिलिंडर के दाम में बढ़ोतरी से फूड पैकेजिंग होगी महंगी

जागरण संवाददाता, वाराणसी : सरकार द्वारा कामर्शियल सिलिंडर के दामों में अप्रत्याशित वृद्धि ने पैकेजिंग उद्योग को गहरे संकट में डाल दिया है। यह उद्योग उत्पादन में बड़े पैमाने पर कामर्शियल एलपीजी का उपयोग करता है। फूड पैकेजिंग, प्रिंटिंग, लेमिनेशन और फ्लेक्सिबल पैकेजिंग इकाइयों पर सबसे अधिक असर पड़ा है।

उत्तर प्रदेश काम्पोजिट बाक्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन वाराणसी के अध्यक्ष राजेश भारिया ने कहा कि उत्पादन लागत में तीव्र वृद्धि से छोटे-मझोले उद्यम जूझ रहे हैं। कई इकाइयों में संचालन जारी रखना चुनौतीपूर्ण हो गया है, जिससे रोजगार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है।

कच्चे माल की कीमतों में पहले से वृद्धि चल रही थी। अब ऊर्जा लागत में यह भारी उछाल 'डबल ट्रांसफर' साबित हो रहा है। प्रतिस्पर्धी बाजार में बढ़ी लागत को ग्राहकों पर पास करना कठिन है, जिससे मुनाफा न्यूनतम स्तर पर पहुंच गया है। उद्यमियों ने सरकार से मूल्य वृद्धि पर पुनर्विचार या एमएसएमई के लिए सब्सिडी देने की मांग की है। साथ ही वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों को प्रोत्साहन देने की अपील भी की। यदि शीघ्र राहत नहीं मिली तो उत्पादन कटौती, इकाई बंदी और बड़े पैमाने पर बेरोजगारी की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

प्लांट पर कूड़े का हो निस्तारण वैकलाग मिलेगा तो कार्रवाई

जागरण संवाददाता, वाराणसी : नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने करसड़ा स्थित सालिड वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट का अचानक स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान प्लांट की कार्यप्रणाली, कूड़ा निस्तारण व्यवस्था, आरडीएफ प्रबंधन और निगेसी वेस्ट के निपटान की तैयारियों के विस्तार से देखा। नगर आयुक्त ने अधिकारियों और कार्यदायी संस्था को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि प्लांट पर प्रतिदिन आने वाले कूड़े को शत-प्रतिशत निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। चेतावनी दी कि किसी भी स्थिति में वैकलाग की स्थिति उत्पन्न नहीं होनी चाहिए। बरना, जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई होगी। आरडीएफ के समुचित निस्तारण के लिए ठोस कार्ययोजना बनाकर तत्काल अमल करने के निर्देश दिए गए। निगेसी वेस्ट के निस्तारण की जिम्मेदारी संभाल रही संस्था के प्रतिनिधि को नगर आयुक्त ने कहा कि शीघ्र ही सुनियोजित एवं चरणबद्ध कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत की जाए। स्वच्छता तरीके से पुराने जमा कूड़े का निस्तारण शुरू किया जाए, ताकि स्थान को जल्द जल्द व्यवस्थित एवं उपयोगी बनाया जा सके। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने बड़े से जुड़ी समस्या पर विशेष ध्यान दिया। उन्होंने कहा कि हर वर्ष बाढ़ के समय प्लांट जाने वाली सड़क पर जलभराव हो जाता है, जिससे आवागमन और प्लांट संचालन दोनों प्रभावित होते हैं। इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए सड़क को करीब छह फीट ऊंचा कर निर्माण कराने के कार्य को प्राथमिकता पर किया जाए।

NOW 1st TIME IN VARANASI
ARTIFICIAL INTELLIGENCE EQUIPMENT (ARGOS)

FOLLOW US ON
पूर्वांचल नेत्रालय एवं रेटिना केयर सेंटर
पुलिस लाइन, (गेट नंबर 1 के सामने) वाराणसी
Final Level NABH Accredited Hospital
Artificial Intelligence Enabled Hospital
भारत का अत्याधुनिक तकनिकी
AI द्वारा मोतियाबिंद का ऑपरेशन एवं चश्मे से आजादी
OUR EXPERTS
Dr. Akhilesh Pandey | Dr . Shaili Pandey
9935780022 | 9651992592

जैविक खेती से बनी रहती है मृदा की प्राकृतिक उर्वरता

रासायनिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग पर कृषक उत्पादक संगठन टिकरी में कार्यशाला आयोजित

जागरण संवाददाता, वाराणसी : भारतीय संस्थी अनुसंधान संस्थान द्वारा शनिवार को कृषक उत्पादक संगठन (एफपीओ) ग्राम टिकरी के परिसर में राष्ट्रीय उर्वरक जागरूकता अभियान के अंतर्गत आयोजित कार्यशाला में रासायनिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में प्रदेश भर के 25 जनपदों से आए 74 किसान उत्पादक संगठनों के प्रतिनिधियों और प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया। इस दौरान विशेषज्ञों ने जैविक, और प्राकृतिक खेती की महत्ता पर प्रकाश डाला। बताया कि यह मृदा की प्राकृतिक उर्वरता को दीर्घकाल तक बनाए रखने में सहायक है। उन्होंने किसानों को मृदा स्वास्थ्य सुधार के लिए हरी खाद और जैव उर्वरकों के उपयोग की सलाह दी।

संस्थान के प्रधान वैज्ञानिक डा नीरज सिंह ने एफपीओ के संचालन में आने वाली समस्याओं पर चर्चा करते हुए उनके व्यावहारिक समाधान प्रस्तुत किए। प्रधान वैज्ञानिक डा सुदर्शन पांचे ने जैविक व प्राकृतिक खेती की आवश्यकता पर बल देते हुए बताया कि यह पद्धति मृदा की प्राकृतिक उर्वरता को दीर्घकाल तक बनाए रखने में सहायक है। किसानों को मृदा स्वास्थ्य सुधार के लिए हरी खाद, क्षिप्रेचर सस्ई व हैंचा की बुआई अपनाने की सलाह दी। वहीं, वरिष्ठ वैज्ञानिक डा आस्मानंद त्रिपाठी ने जैव उर्वरक तकनीकों पर चर्चा करते हुए ट्राइकोडर्मा व अन्य सूक्ष्मजीव-आधारित उर्वरकों के लाभ बताए।

कार्यक्रम में उपस्थित प्रगतिशील किसानों ने अपने अनुभव साझा किए और वैज्ञानिकों से अपने प्रश्नों के समाधान प्राप्त किए। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डा राजेश कुमार ने कृषकों को रासायनिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग के लिए जागरूक किया। संयोजन एफपीओ के अध्यक्ष ई अमित सिंह व कार्यक्रम का संचालन संस्था के संरक्षक अनिल कुमार सिंह ने किया।

बैंक ऑफ बड़ौदा
Bank of Baroda
क्षेत्रीय ट्रायएक्स अर्जित वसूली शाखा प्रथम तल, श्री बैरीताला स्मृति भवन, पी.डी.आर. मॉल के पास, लक्सा रोड, वाराणसी 221010 (उत्तर प्रदेश)
E.mail:-sarvar@bankofbaroda.com, website:-www.bankofbaroda.bank.in, Mob no:- 9554959534
विक्रय सूचना
अचल सम्पत्तियों के बिक्री हेतु
अनुलग्नक - IV-A
[नियम 8 (6) सपठित नियम 9 (1) के प्रावधान देखें]
विनियम आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 सपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) सपठित नियम 9(1) के प्रावधान के तहत ई- नीलामी बिक्री सूचना।
उपहाउस उनकाउसएल एवं ऋणी/जमानतकर्ता एवं बंधकृति बंधकों को विशेष रूप से यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित उनके समक्ष/पास/पास गिरवी रखी, जिन्हें बैंक ऑफ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा सांकेतिक कब्जा ले लिया गया है, को बैंक के बकाया वसूली के लिए प्राधिकृत अधिकारी द्वारा "जो है जहाँ है", "जो है जैसा है" एवं "जो कुछ भी है" के आधार पर ई-नीलामी / बिक्री की जाएगी। ऋणी/उधारकर्ता / बंधकृति धारिता / प्रतिभूति आस्ति(यों)/अचल सम्पत्ति के विवरण जो निम्न जनपद वाराणसी जिले (बिक्री) का विक्रय कर्मचारी राशि का विवरण निम्नलिखित है
नीलामी की तिथि- 21.05.2026 समय दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक
धरोहर राशि (ई.एम.डी.) का भुगतान ऑनलाईन एनईएफटी / ट्रायक्स (चालान निष्पादन के बाद) (https://baanknet.com) के द्वारा दिनांक 21.05.2026 या उसके पहले किया जायेगा।

क्र० सं०	ऋणकर्ता/जमानतकर्ता/ बंधकी मालिकों का नाम एवं पता	अचल सम्पत्तियों का विवरण	कुल बकाया राशि	अग्रिम धनराशि/ अग्रिम धनराशि/ बिड बढ़ोत्तरी राशि	कब्जे की स्थिति (सांकेतिक/ भौतिक)	सम्पत्ति निरीक्षण हेतु तिथि एवं समय
1	ऋणकर्ता- मेसर्स श्री महाकाल इन्टरप्राइजेज (पंजीकृत कार्यालय) ग्राम-बैन, पोस्ट हलिया, बैन-सठिया, तहसील-चंदौली (300001 232103), प्रोपराइटर श्री अभिषेक गुप्ता की अचल सम्पत्ति जमानतकर्ता श्री संजय कुमार पुत्र श्री रामेश्वर गुप्ता निवासी- ग्राम-बैन, पोस्ट हलिया, बैन-सठिया, तहसील - चंदौली (300001) 232103	अचल संपत्ति का सभी भाग एवं भूखण्ड आवासीय भूमि एवं भवन, आराजी संख्या 57*, क्षेत्रफल 0.2340 हेक्टेयर, और आराजी संख्या 572, क्षेत्रफल 0.0690 हेक्टेयर, कुल 2 गाटा, क्षेत्रफल 0.2970 हेक्टेयर यानी 2972 वर्ग मीटर, मौजा-बैन पट्टी दीहरा, रकबा 4.0000 वर्ग मीटर, तहसील चकिया जिला चंदौली में ही अधिकित पुत्र श्री अरुण कुमार के नाम से स्थित है। **चौहद्दी पूरब:** चकरी सड़क हाथिया टूटिया मार्ग। **पश्चिम:** कब्जाकर्ता एवं अन्य का खेत। **उत्तर:** सड़क मैन विहार मार्ग। **दक्षिण:** राम नंद लाल एवं अन्य का खेत।	रु. 34,10,975.55 + ब्याज + अन्य खर्चे	रु. 87,50,000/- / रु.8,75,000/- / रु.25,000/-	सांकेतिक	20.05.2026 समय दोपहर 2 बजे से सांय 5 बजे तक
2	ऋणकर्ता- मेसर्स श्री हीरेन्द्र फार्म पंजीकृत पता- के-51/144, रथयात्रा मुख्य निकेतन, वाराणसी (300401 221001 प्रोपराइटर- श्री संजय कुमार केसरी पुत्र श्री रामेश्वर केसरी, पंजीकृत पता- सी.के.-65/251, मोहल्ला- बड़ी मेरठी, रोहनिया, वाराणसी (300001- 221001 और जमानतकर्ता- श्री अनिल कुमार केसरी पुत्र श्री नंदलाल केसरी पता सी.के.- 65/251, बड़े मेरठी, रोहनिया, वाराणसी (300001- 221001	उक्त सम्पत्ति का सभी भाग एवं भूखण्ड मकान संख्या सी.के. 65/377-एच , क्षेत्रफल 266.08 वर्ग फीट यानी 24.73 वर्ग मीटर, उसा हुआ क्षेत्र 297.70 (फुटल एवं 215.50 वर्ग फीट यानी 20 वर्ग मीटर + प्रकाश तल पर 82.5 वर्ग फीट 7.67 वर्ग मीटर) जीति मोहल्ला बड़ी मेरठी वार्ड नेचोल सिटी वाराणसी 3000 में श्री संजय कुमार केसरी पुत्र श्री रामेश्वर केसरी और श्री अनिल कुमार केसरी पुत्र नंद लाल केसरी के नाम से स्थित है। **चौहद्दी-पूरब-** पत्थर सीढ़ा + सीढ़ी चढ़ि बंद गली **पश्चिम:** एम जी यादव का मकान **उत्तर:** मकान नंबर सी.के. 65/377 **दक्षिण:** मकान संख्या. सी.के. 65/377-एच-1, और मकान संख्या. सी.के. 65/377-एच-2, 221001	रु.87,65,118.01 + ब्याज + अन्य खर्चे	रु. 27,25,000/- / रु.2,72,500/- / रु.10,000/-	सांकेतिक	20.05.2026 समय दोपहर 2 बजे से सांय 5 बजे तक
3.	ऋणकर्ता- (1) श्री वेद प्रकाश पुत्र श्री राम प्रसाद (2) श्रीमती पिंटू ठाकुर पत्नी श्री वेद प्रकाश, दोनों निवासी मकान संख्या 11/45, सुमन नगर, औरंगा, परगोई, वाराणसी 3000) 231219.	उक्त संपत्ति का सभी भाग एवं भूखण्ड आवासीय भूमि एवं मकान आराजी संख्या 2874 के क्षेत्रफल 258 वर्ग फीट रांचि दो बिस्वा जैसे बिल्डी मरम्मुती, परगना-काशी, तहसील-वाराणसी, जिला-वाराणसी में स्थित है। **चौहद्दी-पूरब-** विक्रेता की भूमि **पश्चिम:** 5 फीट चौड़ी गली, **उत्तर:** 4 फीट चौड़ी गली, **दक्षिण:** रामपुर मोहम्मद का मकान	रु.62,81,896.53 + ब्याज + अन्य खर्चे	रु. 70,00,000/- / रु.7,00,000/- / रु.25,000/-	सांकेतिक	20.05.2026 समय दोपहर 2 बजे से सांय 5 बजे तक
4.	ऋणकर्ता- मोहम्मद कासीम पुत्र मुहम्मद हसन, जमानतकर्ता का नाम और पता - श्रीमती जकीया बीबी पत्नी श्री नूरुल हसन उर्फ नूरुल अनके कानूनी उत्तराधिकारियों मोहम्मद कासीम, मोहम्मद वसीम, मोहम्मद समीम और मोहम्मद वसीम, सभी पुत्र नूरुल हसन सभी निवासी -ग्राम- डुमरहिया, पोस्ट इमलिहर, मुगलसराय, जिला चंदौली-232101	कब्जिकृत संपत्ति उक्त सम्पत्ति का भाग एवं भूखण्ड आराजी संख्या 40, क्षेत्रफल 680 वर्ग फिट जैसे मौजा डुमरहिया, परगना रहरूपुर, जिला चंदौली में वल्लूमी उत्तराधिकारियों की पैतृक संपत्ति मौजा पत्नी नूरुल हसन (उक्त मृतक) के नाम से स्थित है। **तहसीलदार की दिनांक 28.06.2012 की रिपोर्ट के अनुसार चौहद्दी-पूरब-**अंसार का मकान, **पश्चिम:** 5 फीट चौड़ी गली, **उत्तर:** 4 फीट चौड़ी गली, **उत्तरी** शाह नूर मोहम्मद का मकान, **दक्षिण:** 4 फीट चौड़ा रास्ता, उसके बाद प्रस्तावित पी भूमि	रु. 7,38,699.00 + ब्याज + अन्य खर्चे	रु. 15,30,000/- / रु.1,53,000/- / रु.10,000/-	सांकेतिक	20.05.2026 समय दोपहर 2 बजे से सांय 5 बजे तक
5.	ऋणकर्ता- मोहम्मद हसनैन पुत्र मोहम्मद सत्तू और श्रीमती बीना फरवीन पत्नी मोहम्मद हसनैन मिट्टीजी: दोनों निवासी चन्न सैदूरा, शकुरबाद, परगना मई, जिला चंदौली-232101 और मोहम्मद सत्तू मुगलसराय, जिला चंदौली-232101	सम्मिलित बंधक सम्पत्ति आवासीय उबाल सम्पत्ति संख्या 209/2, क्षेत्रफल 500 वर्ग मीटर यानी + बिस्वा भूमि लोके सैदूरा, शकुरबाद, परगना मई, तहसील और जिला चंदौली में श्रीमती बीना फरवीन, पत्नी श्री मोहम्मद हसनैन निवासी के नाम से स्थित है तथा यह सम्पत्ति रेस ईज दिनांक 11.12.2013, डीड्स नंबर 4750, पेज नंबर 161 से 192, रजनाक्ष संख्या 13450 के रूप में पंजीकृत है। **सेल डीड के अनुसार चौहद्दी-पूरब-**बिरा कुमार का खेत, उसके बाद रामजी और अन्य का खेत, रमजान उल्ला का मकान **पश्चिम:** रामेश्वर और अन्य का खेत **उत्तर:** रामपुरपार और अन्य का खेत **दक्षिण:** रामनंदन और अन्य का खेत (VDA, वाराणसी द्वारा 15.10.2016 को स्वीकृत लेआउट प्लान के अनुसार, चित्रावाटन रुपरेंस के दक्षिण की ओर 4.5 मीटर चौड़ी एक सड़क है)।	रु.57,14,713.74 + ब्याज + अन्य खर्चे	रु. 1,17,16,650/- / रु.11,71,665/- / रु.50,000/-	सांकेतिक	20.05.2026 समय दोपहर 2 बजे से सांय 5 बजे तक
6.	ऋणकर्ता- मेसर्स पवन ट्रेडर्स, पंजीकृत पता- K 53/46 A-1, विश्वेश्वरगंज महामृत्युंजय रोड, वाराणसी (300001-221001) प्रोपराइटर श्रीमती रेखा देवी निवासी जमानतकर्ता- (1) श्री प्रताप कुमार (2) श्रीमती शीला देवी दोनों निवासी C 19/232, A-8, लंकापुरा, सिक्र, वाराणसी (300012)-221010	सम्मिलित बंधक सम्पत्ति मकान संख्या C-19/232 A-8, क्षेत्रफल 2500 वर्ग फिट जैसे नौका लस्करपुर, वार्ड बेनीबीर, परगना बेनीबीर अमरुआ, तहसील और जिला वाराणसी में श्रीमती रीता देवी के नाम से स्थित है। **सेल डीड के अनुसार चौहद्दी-पूरब-** सार्वजनिक रास्ता, उसके बाद श्री प्यारे लाल टंडिया, श्री देवन और श्री गुरुप्रसाद उपाध्याय के आवास **पश्चिम:** रामबहादुर देवी की भूमि **उत्तर:** निरंजन शंकर का आवास **दक्षिण:** श्री बाबेर राम का आवास	रु.45,17,812.22 + ब्याज + अन्य खर्चे	रु. 21,00,000/- / रु.2,10,000/- / रु.10,000/-	सांकेतिक	20.05.2026 समय दोपहर 2 बजे से सांय 5 बजे तक
7.	ऋणकर्ता- मेसर्स हरीश पोल्ट्री फोडवर्क, प्रोपराइटर-श्री हरीश चंद्र प्रसाद सिंह पुत्र स्वर्गीय श्री विरजा प्रसाद सिंह, निवासी ग्राम व पोस्ट अहरौरा, जिला मिर्जापुर; जमानतकर्ता - श्री विकास कुमार गुप्ता पुत्र श्री रमाकांत गुप्त, निवासी ग्राम व पोस्ट अहरौरा, जिला मिर्जापुर	सम्मिलित बंधक सम्पत्ति भूमि एवं भवन क्षेत्रफल 3250 वर्ग फिट जोकि मौजा महुवरी, परगना अहरौरा, तहसील दुदुधन, जिला मिर्जापुर में श्री हरीश चंद्र प्रसाद सिंह पुत्र स्वर्गीय श्री विरजा प्रसाद सिंह के नाम स्थित है। **सेल डीड के अनुसार चौहद्दी-पूरब-** प्रसादु और गंगा का मकान तथा नाली **पश्चिम:** हीरा, मुन्नी लाल ढ़ाकी का मकान **उत्तर:** मक्खन लाल का मकान और गली; **दक्षिण:** देवकुर की भूमि और चौहद्दी	रु. 21,00,000/- / रु.2,10,000/- / रु.10,000/-	सांकेतिक	20.05.2026 समय दोपहर 2 बजे से सांय 5 बजे तक

बिक्री के नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी के लिए कृपया निम्नलिखित लिंक पर अवलोकन करें www.bankofbaroda.bank.in/e-auction.htm & https://baanknet.com तथा इच्छुक बोलीकर्ता प्राधिकृत अधिकारी के मोबाईल नं. 9554959534, ईमेल: sarvar@bankofbaroda.com से सम्पर्क कर सकते है।
दिनांक - 30.04.2026 स्थान- वाराणसी प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा